दिनांक 22.04.2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

बिना मास्क लगाए टैंकर चलाने वाले ड्राइवर के एक दिन का वेतन कटा

भिलाईनगर/ बिना मास्क लगाए या फेस कवर किए बिना घर से बाहर निकलने वालों पर निगम की टीम ने कार्यवाही की। इस दौरान जोन कं. 02 के क्षेत्र में बिना मास्क लगाए दीपांकर वाहन चालक द्वारा टैंकर चलाते पाए जाने पर एक दिन का वेतन काटने की कार्यवाही जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि द्वारा किया गया। जोन कं. 02 क्षेत्रांतर्गत जोन आयुक्त की उपस्थिति में सुबह 9 बजे निगम के कर्मचारी एकता चौक पर बिना मास्क के आने जाने वाले दुपहिया वाहन में तथा अधिक सवारी वालों पर कार्यवाही कर रहे थे उसी दरम्यान जल प्रदाय हेतु जा रहे टैंकर में वाहन चाहक मास्क नहीं लगाया था तथा अपने साथ दो से अधिक कर्मचारी को ले जा रहा था जिसके कारण 1 दिन का वेतन काटने के निर्देश जोन आयुक्त द्वारा दिया गया ! निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने निगम भिलाई के अत्यावश्यक सेवा में लगे हुए अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देशित किया है मास्क या चेहरा ढकने के लिए अन्य कोई उपाय करने के आदेश का अनिवार्य रूप से पालन करें !कार्यालयीन कार्य के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पालन भी सख्ती से किया जाना है इसका उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

जनसम्पर्क अधिकारी